1-Prime Minister Narendra Modi announced a bold pledge that India will achieve net zero carbon emissions by 2070 and asserted that it is the only country that is delivering in "letter and spirit" the commitments on tackling climate change under the Paris Agreement.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साहसिक घोषणा करते हुए कहा कि भारत वर्ष **2070** में कुल शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य प्राप्त करेगा, इसके साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत एक मात्र देश है जो पेरिस समझौते के तहत जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए ' उसकी भावना' के तहत 'अक्षरशः' कार्य कर रहा है।

2-The UK will provide an India Green Guarantee to the World Bank, to unlock an additional 750 million pounds for green projects across India, it was announced at the COP26 summit in Glasgow.

भारत में हरित परियोजनाओं के लिए **75** करोड़ पाउंड की अतिरिक्त राशि के वास्ते ब्रिटेन विश्व बैंक को 'इंडिया ग्रीन गारंटी' प्रदान करेगा, यह घोषणा ग्लासगो में सीओपी**26** शिखर सम्मेलन में की गई।

3-Union Education and Skill Development Minister Shri Dharmendra Pradhan launched Bhasha Sangam initiative for schools, Bhasha Sangam Mobile App and Ek Bharat Shreshtha Bharat Mobile Quiz.

केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्कूलों के लिए भाषा संगम पहल, भाषा संगम मोबाइल ऐप और एक भारत श्रेष्ठ भारत मोबाइल क्विज़ का शुभारंभ किया।

4-Rajeev Chandrasekhar, Minister of State for Electronics & Information Technology and Skill Development and Entrepreneurship, inaugurated the first Internet Exchange in the state of Uttarakhand, hosted at Dehradun, through a virtual inaugural ceremony from Delhi.

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी तथा कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से देहरादून में आयोजित समारोह में उत्तराखंड राज्य में पहले इंटरनेट एक्सचेंज का उद्घाटन किया।

5-Government of India, the Government of Meghalaya and the World Bank signed a $40 million health project for the state of Meghalaya.

भारत सरकार, मेघालय सरकार और विश्व बैंक ने मेघालय राज्य के लिए **40** मिलियन डॉलरकी स्वास्थ्य परियोजना पर हस्ताक्षर किए।

6-Biotechnology company Novavax said that Indonesia has given the world's first emergency use authorisation for its COVID-19 vaccine, which uses a different technology than currently used shots.

जैव प्रौद्योगिकी कंपनी नोवावैक्स ने कहा कि उसके कोविड-19 रोधी टीके को आपातकालीन उपयोग की मंजूरी देने वाला इंडोनेशिया विश्व का पहला देश हो गया है।

7-Markets regulator Sebi restrained Proficient Research and its partners from accessing capital markets for four years for engaging in investment advisory services without obtaining requisite registration.

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने जरूरी पंजीकरण कराए बिना निवेश सलाहकार सेवाएं देने के लिए प्रोफिशिएंट रिसर्च और उसके भागीदारों पर पूंजी बाजार में कामकाज पर चार साल का प्रतिबंध लगा दिया है।

8-Unity Small Finance Bank launched their first branch that will go a long way in resolving the crippled cooperative PMC Bank by merging it with the new entity.

यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अपनी पहली शाखा खोलकर कामकाज की शुरुआत की, इसके साथ संकट में घिरे सहकारी बैंक पीएमसी के नई इकाई में विलय का रास्ता साफ हो गया है।

9-Major General Dinesh Kumar Singh took charge as the additional director general of Assam Rifles.

मेजर जनरल दिनेश कुमार सिंह ने असम राइफल्स के अतिरिक्त महानिदेशक का कार्यभार संभाल लिया।

10-Former Union Minister Buta Singh's son and Delhi Congress leader Arvinder Singh passed away. He was 56.

पूर्व केंद्रीय मंत्री बूटा सिंह के पुत्र और कांग्रेस की दिल्ली इकाई के वरिष्ठ नेता अरविंदर सिंह का निधन हो गया। वह 56 साल के थे।

11-Former Jalna Lok Sabha MP Pundlik Hari Danve died in Aurangabad.He was 90.

लोकसभा के पूर्व सदस्य पुंडलिक हरि दानवे का महाराष्ट्र के औरंगाबाद में निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे।